वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

प्रेषक,

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0,
जौनपुर

बेव साइट : www.vbspu.ac.in
ई–मेल : connectpuregistrar@gmail.com
दूरभाष : 05452–252244

पत्रांक : 4024 / शैक्षणिक अनुभाग / 2022 दिनांक 03-03-2022

सेवा में,

प्राचार्य / संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
समस्त विभाग वि0वि0 परिसर / समस्त सम्बद्ध राजकीय एंव अनुदानित महाविद्यालय
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय : विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को एम0फिल0 / पी–एच0डी0 की उपाधि हेतु कोर्स वर्क पूरा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उक्त के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के पत्र संख्या–69 / सत्तर–1–2022–दिनांक 06 जनवरी 2022 एवं माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 28.01.2022 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश प्राप्त हुआ है कि कोर्स वर्क पूर्ण करने हेतु भौतिक कक्षाओं के साथ–साथ आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी कार्यरत शिक्षक कोर्स वर्क को आनलाइन अथवा भौतिक रूप से पूर्ण कर एम0फिल0 / पी–एच0डी0 की उपाधि हेतु शोध कार्य कर सकते है। साथ ही समस्त संस्थाओं को यह भी अवगत कराना है कि अपने संस्थान में समस्त शोधार्थियों को अनिवार्य रूप से दिनांक 05 मार्च 2022 से पी–एच0डी0 कोर्स वर्क प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सहायक कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. प्रभारी, बेव मास्टर को इस आशय से प्रेषित की विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उक्त सूचना प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव

Scanned by CamScanner

संख्या– 69 /सत्तर–1–2022–

प्रेषक,

मोनिका एस0गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक 06 जनवरी, 2022**

विषयः– प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को एम0फिल/ पी0एच0डी0 की उपाधि हेतु कोर्स वर्क पूरा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि एम0फिल/ पी0एच0डी0 की उपाधि हेतु कोर्स वर्क पूरा किया जाना एम0फिल/पी0एच0डी0 हेतु अनिवार्यता का मानक यू0जी0सी0 के एम0फिल/पी0एच0डी0 रेगुलेशन 2016 में निर्धारित है। उक्त कोर्स वर्क पूर्ण करने हेतु सेवारत शिक्षकों को अवकाश लेना आवश्यक है जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है। अतः उक्त कठिनाई के निवारण हेतु कोर्स वर्क को पूर्ण करने हेतु भौतिक कक्षाओं के साथ–साथ आनलाइन प्रकिया को भी मान्यता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय कार्यवाही कर सकते हैं अर्थात कार्यरत शिक्षक कोर्स वर्क को ऑनलाइन अथवा भौतिक रूप में पूर्ण कर एम0फिल/पी0एच0डी0 की उपाधि हेतु शोध कार्य कर सकते है।

भवदीया,

6/1

(मोनिका एस0 गर्ग)
अपर मुख्य सचिव

Scanned by CamScanner